बिहार प्रशासनिक सेवा संघ
प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–800 001
(पंजीयन सं०–633/2003)
E-mail : basa_bihar@yahoo.com

पत्रांक : 24 दिनांक 16/7/09

अध्यक्ष
अरूण चन्द्र मिश्र
(M) 9835281295
(M) 9939469410
(R) 0612-2526123

उपाध्यक्ष
* शम्भु नाथ मिश्र
(M) 9431619672
(O) 9334387630
(F) 0612-2504498
(R) 0612-2288139

* अखलाक अहमद
(M) 9934280177
(O) 0612-2219693

महासचिव
सुशील कुमार
(M) 9431091417
(O) 9431818484

संयुक्त सचिव
* राजयनन्द बडियार
(M) 9431093157
(O) 9431818010

* अनिल कुमार
(M) 9431409463

कोषाध्यक्ष
चन्द्र शेखर सिंह
(M) 9334131351

संयुक्त कोषाध्यक्ष
सोमेश बहादुर माथुर
(M) 9431407901
(O) 9334387555

सेवा में,

प्रधान सचिव,
गृह विभाग,
बिहार सरकार, पटना।

विषयः– कुमारखंड प्रखंड जिला मधेपुरा के प्रखंड विकास पदाधिकारी, श्री गोपाल प्रसाद पर जानलेवा हमला एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी/अंचलाधिकारी को सुरक्षा उपलब्ध कराने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि दिनांक 14.07.09 को कुमारखंड प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री गोपाल प्रसाद के साथ उनके कार्यालय एवं सरकारी आवास में असामाजिक तत्वों द्वारा घुसकर मारपीट की गयी तथा उनपर जानलेवा हमला किया गया, जिसके कारण उन्हें गंभीर चोटें आई हैं तथा वे एवं उनका परिवार गंभीर सदमे में है। उल्लेखनीय है कि यह घटना उनके द्वारा गृह क्षति अनुदान की सूची में हुई गड़बड़ियों को ठीक करने के क्रम में दलालों एवं अयोग्य लाभको के द्वारा षडयंत्र के तहत की गयी है जो एक अत्यंत गंभीर विषय है। पूर्व में भी इस प्रखंड में एवं अन्यत्र कई जिलों में ईमानदार एवं कर्मठ प्रशासनिक पदाधिकारियों द्वारा हो रही धांधली एवं गलतियों के सुधार के क्रम में असामाजिक तत्वों एवं दलालों द्वारा षडयंत्र के तहत अधिकारियों पर हमले एवं उन्हें फँसाने एवं प्रताड़ित करने की कार्रवाई की गयी है।

उल्लेखनीय है कि पूरे मधेपुरा जिला में किसी प्रखंड विकास पदाधिकारी/अंचलाधिकारी को संपूर्ण सुरक्षा/अंचल गार्ड उपलब्ध नहीं कराया गया। यही स्थिति कमोवेश अन्यत्र जिलों की भी है। जबकी भवदीय पत्रांक 8117 दिनांक 01.08.2008 के द्वारा राज्य के सभी अंचलों में अंचल गार्ड की पदस्थापन हेतु संबंधित जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को विस्तृत निर्देश निर्गत किया जा चुका है। उक्त पत्र में यह भी निदेशित है कि ये बल प्रखंड विकास पदाधिकारी/अंचलाधिकारी के अधीन होगा तथा बिना सरकार की अनुमति के इन्हें close नहीं किया जा सकेगा।

इसके अतिरिक्त पुनः भवदीय पत्रांक 11104 दिनांक 18.11.2008 द्वारा क्षेत्रीय पदाधिकारियों को आवश्यक सुरक्षा मुहैया करने के संबंध में भी विस्तृत निर्देश दिया गया है जिसमें सभी पुलिस अधीक्षक को सरकारी निदेश के अनुसार प्रत्येक अंचल/प्रखंड में अंचल गार्ड की प्रतिनियुक्ति अविलम्ब किया जाना निदेशित है। साथ ही सरकारी सेवकों पर हमले के लिए दोषी व्यक्तियों की शीघ्र गिरफ्तारी का भी निदेश दिया गया है।

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–800 001
(पंजीयन सं०–633/2003)
E-mail : basa_bihar@yahoo.com

पत्रांक :.............................. दिनांक ....

अध्यक्ष
अरूण चन्द्र मिश्र
(M) 9835281295
(M) 9939469410
(R) 0612-2526123

+ + +

उपाध्यक्ष
* शम्भु नाथ मिश्र
(M) 9431619672
(O) 9334387630
(F) 0612-2504498
(R) 0612-2288139

* अख़लाक अहमद
(M) 9934280177
(O) 0612-2219693

+ + +

महासचिव
सुशील कुमार
(M) 9431091417
(O) 9431818484

+ + +

संयुक्त सचिव
* राजनन्द बडियार
(M) 9431093157
(O) 9431818010

* अनिल कुमार
(M) 9431409463

+ + +

कोषाध्यक्ष
चन्द्र शेखर सिंह
(M) 9334131351

संयुक्त कोषाध्यक्ष
सोमेश बहादुर माथुर
(M) 9431407901
(O) 9334387555

स्पष्ट है कि जिला प्रशासन द्वारा भवदीय स्तर से बार–बार दिये गये निदेशों की भी अवहेलना की जा रही है। अधिकांश जिलों में प्रशासनिक पदाधिकारियों को अपने दायित्व का निवर्हन अत्यंत विषम एवं खतरनाक परिस्थिति में करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है जिससे पदाधिकारियों में भय का माहौल व्याप्त हो गया है।

इस क्रम में बिहार प्रशासनिक सेवा संघ की मधेपुरा जिला इकाई द्वारा निम्नांकित निर्णय लिया गया हैः–

1. दिनांक 16.07.09 से 18.07.09 तक सभी सदस्य काला बिल्ला लगाकर अपना विरोध प्रदर्शित करेंगे। दिनांक 18.07.09 तक अंचल गार्ड की प्रतिनियुक्ति एवं नामजद अभ्युक्तों की गिरफ्तारी नहीं होने पर क्षेत्र पदस्थापित सभी पदाधिकारी जिला मुख्यालय में वापस आ जायेंगे।

2. जबतक अंचल गार्ड की प्रतिनियुक्ति नहीं की जाती है तबतक राहत वितरण का कार्य प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा नहीं किया जायेगा।

जिला इकाई द्वारा लिये गये निर्णय की छाया प्रति संलग्न करते हुए जिसकी प्रति आपको भी दी गयी है, संघ यह माँग करता है कि इस विषय को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की जाय ताकि इसप्रकार की घटना की पुनरावृति रोकी जा सके एवं बिहार प्रशासनिक सेवा के सभी पदाधिकारी भय मुक्त माहौल में अपने पूर्ण क्षमता के साथ सरकार के नीतियों एवं दायित्वों के निवर्हन में योगदान कर सकें।

विश्वासभाजन

सुशील 16/7/09

(सुशील कुमार)
महासचिव

ज्ञापांकः– 24 II दिनांकः– 16/7/09

प्रतिलिपिः–1. सभी दैनिक समाचार पत्रों को प्रकाशन तथा आकाशवाणी, दूरदर्शन एवं समाचार चैनलों को प्रसारण हेतु प्रेषित।
2. अध्यक्ष / सचिव, मधेपुरा जिला इकाई को सूचनार्थ प्रेषित।

सुशील 16/7/09

(सुशील कुमार)
महासचिव